# अंतिम पड़ाव में मेट्रो के रन की तैयारियां

## सीएम ने बताई मेट्रो के शुभारंभ की तारीख

नवभारत रिपोर्ट

**भोपाल, 08 दिसंबर. राजधानी में मेट्रो के कामर्शियल रन की तैयारियां अब अपने अंतिम पड़ाव में है. शहर के आठ मेट्रो स्टेशनों के बीच शुरूआती समय में 12 घंटे तक संचालन किया जाएगा.**




सुभाष फाटक से एम्स तक हर आधे घंटे में मेट्रो ट्रेन की सुविधा लोगों को मिल सकती है. भोपाल में मेट्रो प्रबंधन की ओर से संचालन को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. मुख्यमंत्री ने खजुराहो में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मीडिया से बात करते हुए भोपाल में मेट्रो के शुभारंभ की तारीख के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया गया है. हालांकि अभी उनके आने की पुष्टि होना शेष है. बता दें कि मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य ने शुरुआती से ही मेट्रो के काम में तेजी लाने के लिए लगातार स्टेशनों का दौरा किया है.

प्रत्येक स्टेशन पर यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्थाओं, स्टेशन की सौंदर्यात्मकता और संचालनात्मक समन्वय की स्थिति का उनकी तरफ से विस्तार से मूल्यांकन किया गया. मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त नीलाभ्र सेनगुप्ता के नेतृत्व में विशेषज्ञों की टीम नवंबर महीने से ही भोपाल में डिपो और ट्रैक का निरीक्षण शुरू कर दिया है.

# वीआईटी विवि के परिसर में अवैध क्लीनिक बंद करने की मांग तेज

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 08 दिसंबर. भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने वीआईटी विश्वविद्यालय परिसर में बिना किसी वैधानिक अनुमति के संचालित किए जा रहे कथित अवैध क्लीनिक को लेकर गंभीर आपत्ति जताई है.**



एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने सीएम, डिप्टी सीएम, मुख्य सचिव सहित स्वास्थ्य विभाग और अधिकारियों को शिकायत भेजकर तत्काल एफआईआर दर्ज करने, क्लीनिक को सील करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है. परमार ने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 1 दिसंबर को जारी पत्र का हवाला देते हुए कहा कि वीआईटी विवि ने न तो मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सीहोर से अनुमति ली है और न ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त किया है. जिला एनएसयूआई अध्यक्ष अक्षय तोमर ने कहा कि बिना अनुमति चल रहे इस क्लीनिक से संक्रमण फैलने, गलत दवाइयां मिलने और बायोमेडिकल कचरे के अवैध निस्तारण का खतरा बढ़ गया है.

## एक नजर में

### भिंड में लगेंगे 1 लाख 14 हजार स्मार्ट मीटर

**भोपाल.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर अभियान के तहत भिंड जिले में 1 लाख 14 हजार 257 स्मार्ट मीटर स्थापित किए जाएंगे, जिसमें से अब तक 8 हजार 213 से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं. यह बात मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक सीके पवार ने स्मार्ट मीटर से होने वाले लाभ तथा मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ता हित में चलाई जा रही शासन की योजनाओं जैसे समाधान योजना 2025-26, ग्रामीण क्षेत्र में 5 रुपये में नवीन कनेक्शन, सोलर रूफटॉप आदि को आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित मीडिया कार्यशाला में कही.

### पुलिस ने अब तक 69 नाबालिगों को तलाशा

`**भोपाल.** ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत भोपाल पुलिस कमिश्नरेट को बड़ी सफलताएं मिली है. नवंबर महीने में गुम हुई 45 नाबालिग लड़कियों के साथ ही पुलिस ने पहले से भी गायब हुई कुल 69 नाबालिग लड़कियों की तलाश पूरी की. पुलिस के अभियान के दौरान 11 नाबालिग लड़कों को भी खोजा गया है. भोपाल में एक 12 साल पहले गायब हुई 13 वर्षीय बच्ची को पिपलानी पुलिस ने तलाश कर परिजनों को सौंप दिया था.

## चोरी करने वाला नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** बागसेवनिया पुलिस ने सूने मकानों में चोरी की वारदात करने वाले एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है. आरोपी नाबालिग चोरी से पहले सूने मकानों की रैकी कर वारदात को अंजाम देता था. थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी रोहित कुमार रैकवार (31) और सुनील कोचकर (61) निवासी आदर्श नगर ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी. फरियादियों ने पुलिस को बताया कि जब उनका घर खाली था. उसी समय अज्ञात चोर ने दरवाजे पर लगे ताले को तोड़कर घरेलू सामान की चोरी कर ली.

# शुभम गोस्वामी की हिंदू धर्म में वापसी

## मंत्री विश्वास सारंग की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम

नवभारत रिपोर्ट

**भोपाल, 08 दिसंबर. लव जिहाद के चलते दो साल तक हिन्दू धर्म से दूर रहे शुभम गोस्वामी की सोमवार को घर वापसी कराई गई. मंत्री विश्वास सारंग की अगुवाई में गुफा मंदिर में शास्त्रानुसार हिन्दू धर्म में शुभम ने घर वापसी करते हुए खुशी जाहिर की.**



पुजारियों ने मंत्रोच्चारण के साथ मुंडन संस्कार कराते हुए तन और मन का शुद्धिकरण किया. इसके बाद शुभम की हिन्दूधर्म में वापसी कराई गई. शुभम ने इससे पहले अपने धर्म परिवर्तन के मामले को लेकर जहांगीराबाद थाने में 20 नवंबर को तीन लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी. मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई भी की है. इससे पहले शुभम का नाम अमन खान रखा गया था.

मंत्री सारंग ने इस मौके पर बताया कि शास्त्रानुसार हिंदू धर्म में शुभम की घर वापसी करवाई गई है. गुफा मंदिर में पंडितों और पुजारियों ने मंत्रोच्चारण करते हुए शुद्धिकरण किया. मंत्री ने इस मौके पर कहा कि लवजिहाद के खिलाफ मुहिम चला रहे हैं. लव जिहाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रकरणों में पीड़ितों की कानूनी सहायता करेंगे.शुभम ने बताया कि करीब 2 साल पहले एक मुस्लिम लड़की के प्रेम जाल में आकर उसने लड़की के परिजनों के दबाव में धर्म परिवर्तन किया था.

# मतदाता सत्यापन में हुई गंभीर गड़बड़ियां

## 108 मतदाताओं के नाम एक ही पते पर दर्ज पाए गए

विशेष संवाददाता

**भोपाल,8 दिसंबर. मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) अभियान में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का मामला सामने आया है.**



कांग्रेस ने दस्तावेज़ी प्रमाणों के साथ गंभीर गड़बड़ियों की शिकायत उप जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपी है, जिसमें नरेला विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों पर चौंकाने वाले तथ्य उजागर हुए हैं. जांच के दौरान एक ही पते पर 108 मतदाताओं के नाम दर्ज पाए गए, जबकि मौके पर बूथ लेवल अधिकारी को केवल चार लोग ही मिले. इसके बावजूद सभी मतदाताओं का वेरिफिकेशन कंप्लीट दिखाया गया है. जिला प्रशासन द्वारा जारी हालिया आंकड़ों में भी इन केंद्रों पर भारी विसंगतियों की पुष्टि हुई है. कांग्रेस की ओर से सौंपी गई सूची का अवलोकन करने के बाद उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी त्रुटियों में संशोधन के बाद ही अंतिम रिपोर्ट तैयार की जाएगी.

कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने विरोध प्रदर्शन के दौरान विधानसभा क्षेत्र में पाई गई ऐसी ही गड़बड़ियों से जुड़े सैकड़ों आवेदन जिला प्रशासन को सौंपे. उन्होंने कहा कि यह तो सिर्फ ट्रेलर है, पूरी तस्वीर केंद्रीय चुनाव आयोग की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद सामने आएगी. कांग्रेस प्रतिनिधियों के अनुसार करोंद, छोला, अशोका गार्डन, अन्ना नगर और रचना नगर जैसे क्षेत्रों में कई पते ऐसे मिले हैं जहां एक ही पता पर 100 से अधिक मतदाताओं के नाम दर्ज हैं. फिजिकल वेरिफिकेशन के दौरान लगभग 25 प्रतिशत मतदाता अपने पंजीकृत पते पर मौजूद नहीं पाए गए. इस मौके पर युवा कांग्रेस के कई पदाधिकारी भी उपस्थित रहे.



# ठंड की चपेट में मध्यप्रदेश

## 24 घंटे में प्रदेश के सभी संभागों में शुष्क रहा मौसम

**भोपाल, 08 दिसंबर. मध्यप्रदेश इस समय भीषण ठंड की चपेट में है. उत्तर भारत से लगातार आ रही बर्फीली हवाओं और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान तेजी से नीचे गिर रहा है.**

राजधानी भोपाल में लगातार तीसरे दिन शीतलहर जारी रही, जबकि इंदौर, उज्जैन और जबलपुर संभाग के कई जिलों में दिन का तापमान सामान्य से काफी नीचे दर्ज होने के कारण मौसम विभाग ने इन्हें कोल्ड डे की श्रेणी में रखा है. मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा के अनुसार, सोमवार को इंदौर, शाजापुर, धार और नरसिंहपुर जिलों में कोल्ड डे की स्थिति बनी रहने की संभावना है. वहीं भोपाल के लिए शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. रविवार को भी भोपाल और शहडोल में दिनभर बर्फीली हवाओं से जनजीवन प्रभावित रहा. मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक दिसंबर और जनवरी में सर्दी अपने रिकॉर्ड तोड़ सकती है. पिछले 24 घंटों में प्रदेश के सभी संभागों में मौसम शुष्क रहा. भोपाल, रायसेन, विदिशा और शहडोल जिलों में शीतलहर का असर दिखा. इंदौर जिले में तीव्र शीतलहर दर्ज की गई. खंडवा और नरसिंहपुर जिलों में शीतल दिन (कोल्ड डे) का प्रभाव रहा. अधिकतम तापमान में ग्वालियर संभाग में 2.5 डिसे तक बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि अन्य संभागों में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ.

### ठंड क्यों बढ़ रही है?

एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और आसपास के क्षेत्रों में 3.1 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है. मध्य क्षोभमंडल में 5.8 किमी की ऊंचाई पर एक ट्रफ भी बना हुआ है, जिससे ठंडी पश्चिमी हवाएं तेज हो गई हैं. पूर्वोत्तर भारत में 12.6 किमी ऊंचाई पर 213 किमी/ घंटा की रफ्तार से उपोष्ण जेट स्ट्रीम बह रही है, जो ठंड को और बढ़ा रही है. 13 दिसंबर से एक और कमजोर पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय को प्रभावित करेगा, जिससे ठंड बरकरार रहेगी.



## देश के 'दिल' में पत्थरों की रंगाई

**भोपाल.** शहर में 6 किलो मीटर लंबे वीआईपी रोड पर सौंदर्यीकरण किया जा रहा है. सड़क के किनारे लगे पत्थरों की रंगाई का काम कारीगर इन दिनों कर रहे हैं.

# कंपनियों में ठेका प्रथा को बंद की जाए : नामदेव

## भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन ने रखी मांग

**भोपाल, 08 दिसंबर. भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र नामदेव ने कंपनियों में ठेका प्रथा को बंद करने मांग की.**

नामदेव ने कहा कि अब समय आ गया है जब सरकार को ठेका प्रथा का पूर्ण रूप से अंत करना चाहिए. नामदेव ने मांग की है कि ठेका और आउटसोर्स प्रथा को प्रदेश में पूर्णतः समाप्त किया जाए. उन्होंने कहा कि सभी ठेका या आउटसोर्स कर्मियों को विभागीय रोल में लेकर नियमित नियुक्ति दी जाए. समान कार्य के लिए समान वेतन की नीति तत्काल प्रभाव से लागू की जाए. मजदूरों की सुरक्षा, सम्मान और स्थायी भविष्य को शासन की प्राथमिकता बनाया जाए. नामदेव ने कहा कि जब तक ठेका प्रथा समाप्त नहीं होती, तब तक प्रदेश का युवा चैन से नहीं बैठेगा और हम अपनी आवाज लगातार उठाते रहेंगे. उन्होंने कहा कि ठेका प्रथा ने वर्षों से मेहनतकश मजदूर युवाओं, कर्मचारियों और परिवारों के सपने तोड़े हैं.

**कांग्रेस पर निशाना** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पत्रकारों से कहा–

# सरकार के अच्छे कार्य पचा नहीं पा रही कांग्रेस

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 8 दिसंबर. मंत्रियों के भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठने के क्रम में सोमवार को बारी उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की थी. वे दोपहर में भाजपा कार्यालय पहुंचें और कार्यकर्ताओं से उनकी समस्याओं और शिकायतों के बारे में जाना.**



कुछ समस्याओं और शिकायतों का उन्होंने समाधान किया और फिर बाकी को संबंधित विभागों में भेजने का भरोसा दिलाया. इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से चर्चा भी की. एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आरोप लगाना कांग्रेस की पुरानी आदत है. प्रदेश की भाजपा सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति जैसे सुधारों को जमीन पर उतार रही है.

चरण-वंदना और पुरानी राजनीति में उलझी कांग्रेस को शिक्षा पर नया सोचने के बजाय केवल राजनीति कर रही है. इसी नकारात्मक राजनीति की वजह से मप्र की जनता कांग्रेस को पूरी तरह से नकार चुका है. मप्र सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित कार्यशाला सकारात्मक प्रयास है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र की भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे विकास और जन कल्याणकारी कार्यों को कांग्रेस नेता पचा नहीं पा रहे हैं, इसलिए अनर्गल आरोप लगाते हैं. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का काम केवल आरोप लगाना है.

> आरोप लगाना कांग्रेस की पुरानी आदत है, लेकिन यह कांग्रेस के नेता भी यह जानते हैं कि मप्र की भाजपा सरकार ने मातृ मृत्यु दर प्रति एक हजार 175 को 142 पर और शिशु मृत्यु दर को 50 से 37 पर लेकर आए हैं, लेकिन वह हकीकत स्वीकार नहीं करना चाहते और अनर्गल आरोप लगाते रहते हैं. केंद्र सरकार भी यह स्वीकार करती है कि मप्र में स्वास्थ्य व शिक्षा की स्थिति तेजी से सुधरी हैं. कुपोषण को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री खाद्यान योजना जैसी अनेकों योजनायें चल रहीं हैं और स्थितियां पहले से बहुत बेहतर हो रहीं हैं.


## अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

**आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।**

जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि
दीया फंड
DEPOSITOR EDUCATION AND AWARENESS FUND

### आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

### आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।




अधिक जानकारी के लिए
https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर
99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in